प्रदर्शन | उपवास रख कर किया गया विरोध प्रदर्शन

# भाजपा की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का एक दिवसीय उपवास

**नवभारत, शहडोल ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व मे, इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में जहरीला पानी पीने से हुई नागरिकों की मौतों तथा मनरेगा का नाम बदलकर काम के कानूनी अधिकार को समाप्त करने के भाजपा सरकार के प्रयासों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल द्वारा एक दिवसीय उपवास एवं विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह उपवास सभा दिनांक 17 जनवरी 2026 (शनिवार) को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक जयस्तम्भ चौक, शहडोल में संवेदनहीन एवं गैर-जिम्मेदार भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफकी गई।

इस दौरान जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी एवं वरिष्ठ कांग्रेसियों ने कहा कि भागीरथपुरा हादसे में 15 लोगों की मौत के बाद जब पत्रकारों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से सवाल किए, तो उन्होंने अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया। यह बेहद निंदनीय है। ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने वाले मंत्री को सरकार को तत्काल पद से हटाना चाहिए एवं जिनकी लापरवाही से यह हादसा हुआ,उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए और मंत्री विजयवर्गीय से इस्तीफा लिया जाना चाहिए।जिलाध्यक्ष ने कहा कि, मौजूदा सरकार को महात्मा गांधी से नफरत है, तभी राष्ट्रपिता के नाम से चल रही महत्वपूर्ण योजना का नाम बदला जा रहा है।



उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के पास अपनी कोई नई योजना नहीं है और वह कांग्रेस सरकार के समय शुरू की गई योजनाओं का केवल नाम बदलकर श्रेय लेने का काम कर रही है,जिसे कांग्रेस किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी। सरकार बदले की भावना से काम कर रही है और अपनी नाकामियों से ध्यान भटकाने के लिए ऐसे फैसले ले रही है।

जिलाध्यक्ष ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की मंशा पूरी योजना को खत्म करने की है, नाम बदलना सिर्फ एक बहाना है।उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार जनता के असल मुद्दोंकृजैसे बेरोजगारी, कमरतोड़ महंगाई, किसानों की बदहाली और मजदूरों की समस्याओंकृसे ध्यान भटकाने के लिए 'नाम बदलने की राजनीति' का सहारा ले रही है.सरकार जनहित के कार्यों पर ध्यान देने के बजाय प्रतीकों को बदलने में ऊर्जा नष्ट कर रही है। मनरेगा ने गांवों में करोड़ों लोगों को काम का वैधानिक अधिकार दिया और सामाजिक-आर्थिक बदलाव लाया। नाम बदलना गांधी जी और संवैधानिक सामाजिक कल्याण गारंटी पर वैचारिक हमला है।उक्त जानकारी जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने प्रदान की।

इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कटारे,पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष आज़ाद बहादुर सिंह, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, श्रीनिवास शर्मा, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला,जनपद अध्यक्ष बुढ़ार उमा धुर्वे, पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय,राम नरेश तिवारी,युवा काँग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम,सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# बिजली बिल वसूलने, बिजली विभाग का 'सख्त प्रहार'

**नवभारत, शहडोल।** विद्युत वितरण केंद्र शहडोल ग्रामीण अंतर्गत समाधान योजना के तहत बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर विद्युत विभाग ने अब सख्ती की पूरी हद पार कर दी है। लगातार चेतावनियों और अवसर दिए जाने के बावजूद बकाया राशि जमा नहीं करने पर विभाग ने एक के बाद एक कठोर कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। विभागीय कार्रवाई के तहत 35 उपभोक्ताओं पर कुल 5 करोड़ 85 लाख 35 हजार 456 रुपए की भारी बकाया राशि होने पर संबंधित क्षेत्रों के ट्रांसफार्मर बंद कर दिए गए हैं। वहीं 31 उपभोक्ताओं पर 11 लाख 60 हजार रुपए की बकाया राशि पाए जाने पर उनके बिजली खाते होल्ड कर दिए गए हैं, जिससे वे अब किसी भी प्रकार का विद्युत लाभ नहीं उठा सकेंगे।



इतना ही नहीं, विभाग ने सख्ती दिखाते हुए 2 बड़े बकायादार उपभोक्ताओं पर 8 लाख 56 हजार 859 रुपए बकाया होने के चलते ट्रांसफार्मर ही निकाल लिया, जिससे संबंधित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई।कार्रवाई के दौरान ग्राम पंचायत सिंदुरी के पास लगे 100 केवीए ट्रांसफार्मर तथा ग्राम पंचायत आमगार के ट्रांसफार्मर से भी विद्युत प्रदाय बंद कर दिया गया है। इस कार्रवाई से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संकट उत्पन्न हो गया है, जिससे आम उपभोक्ताओं में भी चिंता देखी जा रही है। विद्युत विभाग ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि समाधान योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को समय रहते बकाया राशि जमा करने के लिए पर्याप्त अवसर दिए गए थे, लेकिन निर्धारित समयावधि में भुगतान नहीं किए जाने के कारण यह कठोर कदम उठाना पड़ा। विभाग ने चेतावनी दी है कि आगे भी बकाया जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग की इस निर्णायक कार्रवाई से बकायादारों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं समय पर बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं ने इसे उचित कदम बताया है।

# पुण्यतिथि पर जुगलाल को अर्पित किये गये श्रद्धासुमन

▶ पुत्र ने सेवा संकल्प दिवस के रूप मे मना दी सच्ची श्रद्धांजलि

**नवभारत, ब्योहारी।** राजनीति व लोगों मे अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले, लोगो के सुख दुःख के साथी स्व. जुगलाल कोल के तृतीय पुण्यतिथि पर उनके चाहने वालों ने बड़ी संख्या मे उनके गृह ग्राम घिनौची ( हिरवार ) पंहुच कर उनकी समाधि एवं चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इस मौके पर उनके पद चिन्हो पर चलते हुए उनके पुत्र विधायक शरद जुगलाल कोल ने तृतीय पुण्यतिथि को सेवा संकल्प दिवस के रूप मे मनाने का निर्णय लेते हुए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

परम श्रद्धेय जुगलाल साहब की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर सेवा संकल्प के रूप मे मनाते हुए शनिवार को सुबह 9 बजे सिविल अस्पताल ब्योहारी पंहुच कर वंहा नवजात शिशुओ को अंगवस्त्र व वंहा भर्ती मरीजों को फलाहार वितरण किया गया



इसके बाद उनके पुत्र विधायक शरद जुगलाल कोल व उनके चाहने वालो ने उनके गृह ग्राम हिरवार पंहुच कर स्व जुगलाल कोल के समाधि व छायाचित्र मे श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

### बच्चों को ठंड से बचने अंगवस्त्र का वितरण

ग्राम हिरवार मे शिक्षा विभाग द्वारा दोपहर मे माध्यमिक शाला मे श्रृद्धाँजलि सभा का आयोजिन किया गया था जिसमें विधायक शरद जुगलाल कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर परिषद ब्योहारी अध्यक्ष श्रीकृष्ण गुप्ता, जनपद अध्यक्ष आकांक्षी प्रीतू सिंह, पपौध मण्डल अध्यक्ष श्याम पाल तिवारी, बाणसागर मण्डल अध्यक्ष विरेन्द्र बैस व अन्य सहयोगियों के साथ उपस्थित होकर स्कूल के बच्चों को ठंड से बचने के लिये गर्म कपड़े का वितरण किया गया।

### लोगों ने किया रक्त दान

जुगलाल साहब के जीवन पर्यन्त सेवा भाव के लक्ष्य भाव से संकलपित होकर आज के इस दिवस को सेवा संकल्प दिवस के रूप मे मनाते हुए जरूरत मंदो के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निपनिया मे रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जनप्रतिनिधि, पत्रकार और उनके मित्र मंडली के लोगों ने उपस्थित होकर रक्त दान किया।

# ग्रामीण एवं नगरीय निकायों में गठित दल घर-घर संपर्क कर प्राप्त करें समस्याएं

▶ जिले में संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्राप्त हुए 490 आवेदन

**नवभारत, शहडोल ।** पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं उन योजनाओं में जिनके लक्ष्य निर्धारित हैं, लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु शासन द्वारा संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का प्रथम चरण 12 जनवरी से प्रारंभ हो चुका है। अभियान के माध्यम से जिले के ग्रामीण एवं नगरीय निकायों में जन समस्याओं को प्राप्त करने के लिए दल गठित किए गए हैं। संबंधित दल ग्राम पंचायत के विभिन्न वार्डों एवं आश्रित ग्रामों में भ्रमण कर घर-घर संपर्क कर जन समस्याएं प्राप्त करें तथा स्थानीय स्तर पर निराकरण योग्य समस्याओं का निराकरण भी करे। इसी तरह नगरीय क्षेत्रों में वार्डवार दलों का



गठन किया जाए तथा जन समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएं। ग्रामीण निकायों में प्राप्त होने वाले आवेदनों की मानीटरिंग संबंधित सीईओ जनपद पंचायत तथा नगरीय निकायों में संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारी दैनिक रूप से करें। आपने निर्देश दिए हैं कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेवारी है। दूषित पेयजल से संबंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाए तथा पेयजल स्त्रोंतों के साथ ही पाइप लाइन का भी नियमित निरीक्षण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान में प्राप्त आवेदनों की संख्या कम है। दल के भ्रमण को प्रभावी बनाया जाए। सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने बताया कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत अभी तक जिले में 490 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जनपद पंचायत ब्यौहारी में 60 आवेदन, जयसिंहनगर जनपद में 98 आवेदन, गोहपारू जनपद पंचायत में 28 आवेदन, बुढ़ार जनपद पंचायत में 50 आवेदन, सोहागपुर जनपद पंचायत में 148 आवेदन, ब्यौहारी नगर परिषद में 43 आवेदन, धनपुरी नगरपालिका में 21 आवेदन, खांड़ नगर परिषद में 07 आवेदन तथा बकहो नगर परिषद में 16 आवेदन, बुढ़ार नगर परिषद में 02 आवेदन, शहडोल नगर पालिका में 13, जयसिंहनगर नगर परिषद में 04 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

# भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया का जलाया पुतला

▶ महिला सम्मान पर हमला, कांग्रेस विधायक केबयान से सियासी भूचाल

**नवभारत, शहडोल।** महिलाओं के खिलाफ दिए गए आपत्तिजनक और समाज को बांटने वाले बयान को लेकर कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के खिलाफ शहडोल नगर में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। शनिवार को न्यू गांधी चौक पर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस विधायक का पुतला दहन कर कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने बताया कि भांडेर विधानसभा से कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया ने रेप जैसे जघन्य अपराध को जाति और धार्मिक पहचान से जोड़ते हुए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग समाज का उल्लेख कर महिलाओं के प्रति अत्यंत आपत्तिजनक और निंदनीय बयान दिया है। इस बयान से न केवल नारी गरिमा को ठेस पहुंची है बल्कि



सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का भी प्रयास किया गया है।

प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने फूल सिंह बरैया मुर्दाबाद कांग्रेस पार्टी मुर्दाबादजैसे नारों से न्यू गांधी चौक को गुंजायमान कर दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा ने कांग्रेस विधायक के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा फूल सिंह बरैया का बयान मातृशक्ति की गरिमा पर सीधा हमला है। यह केवल एक व्यक्ति की सोच नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी की महिलाओं के प्रति घृणित मानसिकता को दर्शाता है।

उन्होंने सवाल उठाया किकभी देश को तोड़ने की बातें, कभी हिंदू धर्म के प्रति नफरत और अब महिलाओं पर अशोभनीय बयानकृफिर भी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की चुप्पी बेहद शर्मनाक है। कांग्रेस के 'महिला विरोधी इतिहास' पर हमलाश्रीमती चपरा ने कहा कि यह पहला अवसर नहीं है जब कांग्रेस नेताओं ने महिलाओं का अपमान किया हो।उन्होंने कहा दिग्विजय सिंह द्वारा टंच माल कहना,कमलनाथ द्वारा महिलाओं को आइटम कहना और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा महिलाओं को शराबी बताना, यह सब कांग्रेस की विकृत और कुंठित मानसिकता का प्रमाण है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन नेताओं पर कोई कार्रवाई न होना इस बात को दर्शाता है कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व इस सोच से पूरी तरह सहमत है कहते हुए राहुल गांधी, सोनिया और प्रियंका पर सीधा प्रहार किया। महिलाओं और अजा, अजजा समाज के प्रति दूषित सोच केवल बरैया की नहीं, बल्कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली पूरी कांग्रेस की है। सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी महिला सम्मान की बात करती हैं, लेकिन अपनी ही पार्टी के नेताओं की अपराधी मानसिकता पर मौन साधे रहती हैं। यह मौन नहीं, खुला समर्थन है। पुतला दहन और विरोध प्रदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निभा गुप्ता, नगर अध्यक्ष नीलम चतुर्वेदी, राखी शर्मा, अंजना गुप्ता, छाया गुप्ता, रेखा त्रिपाठी, शिप्रा मजूमदार, रूपा चतुर्वेदी, सत्यभामा गुप्ता, उर्मिला कटारे, गीता तिवारी, निशा गौतम, वरिष्ठ नेता गिरधर प्रताप सिंह, जिला महामंत्री अमित मिश्रा, विनय केवट, प्रियम त्रिपाठी, आदित्य चपरा, अंकुश शर्मा, सहित बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वाहन की बैटरी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल ।** वार्ड नं. 27, मीट मार्केट के पास, रहने वाले श्रेयांश गुप्ताने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 02 जनवरी 2026 की रात उन्होंने अपना मालवाहक वाहन दुकान के सामने खड़ा किया था। अगली सुबह वाहन की एक्साइड कंपनी की बैटरी (कीमत लगभग 5000 रुपये) गायब मिली।फरियादी द्वारा सीसीटीवी फुटेज दिखाने पर एक व्यक्ति (हसन खान) हाथ ठेले में बैटरी ले जाते हुए दिखाई दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली पुलिस ने संदिग्धों की तलाश शुरू की। दिनांक 16 जनवरी 2026 को मुखबिर की सूचना और फरियादी की निशानदेही पर पवन कुमार उर्फ छोटू नामदेव को मोहन राम तालाब के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया कि उसके साथी हसन खान ने बैटरी चोरी कर उसे बेचने के लिए दी थी। आरोपी के कब्जे से चोरी गई एक्साइड कंपनी की बैटरी बरामद कर ली गई है।उक्त कार्यवाही विवेचना के दौरान गिरफ्तार आरोपी पवन कुमार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण का मुख्य आरोपी हसन खान (निवासी इतवारी मोहल्ला) फिलहाल फरार है, जिसकी पता तलाश जारी है ।

संवेदनशीलता | कई दिनों से बंद घर में फंसी वृद्धा को पुलिस ने ताला तोड़कर निकाला, अस्पताल पहुंचाकर कराया इलाज

# शहडोल पुलिस बनी देवदूत, त्वरित कार्रवाई से वृद्ध महिला की बची जान

**नवभारत, शहडोल।** शहडोल पुलिस की सजगता, संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई ने एक बुजुर्ग महिला की जान बचाकर मानवीय पुलिसिंग की मिसाल पेश की है। समय रहते मिली सूचना और बिना एक पल गंवाए उठाए गए कदमों से एक अनहोनी टल गई। पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से थाना कोतवाली शहडोल की एफआरबी को सूचना प्राप्त हुई कि पुरानी बस्ती, दुर्गा मंदिर के पास रहने वाली विमला रावत (पति स्व. गणेश रावत, उम्र लगभग 70 वर्ष) बीते 4 से 5 दिनों से घर से बाहर नहीं निकली हैं और उनका घर अंदर से बंद है। मोहल्लेवासियों को महिला के साथ किसी गंभीर अनहोनी की आशंका थी।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। हालात की गंभीरता को भांपते हुए महिला के परिजन नरेश रावत एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में घर का दरवाजा तुड़वाया गया। अंदर का दृश्य बेहद चिंताजनक थाकृश्रीमती विमला रावत अत्यंत गंभीर और असहाय अवस्था में फर्श पर पड़ी मिलीं।पुलिस



टीम ने बिना देर किए मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए अपनी ही एफआरबी वाहन से महिला को जिला अस्पताल शहडोल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की टीम द्वारा उनका तत्काल उपचार शुरू किया गया। फिलहाल महिला की स्थिति में सुधार बताया जा रहा है और उनका इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में जारी है। इस सराहनीय कार्रवाई पर स्थानीय नागरिकों और परिजनों ने शहडोल पुलिस की खुले दिल से प्रशंसा की है। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस समय पर नहीं पहुंचती तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

यह मानवीय और साहसिक कार्यवाही थाना प्रभारी कोतवाली शहडोल के नेतृत्व में की गई, जिसमें रामपाल सिंह एवं प्रधान आरक्षक मायाराम की विशेष भूमिका रही। पुलिस कर्मियों की तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा संबंधित कर्मचारियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि शहडोल पुलिस केवल कानून व्यवस्था ही नहीं, बल्कि समाज की सुरक्षा और मानवीय मूल्यों की सच्ची प्रहरी है।